<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–24 फरवरी 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- केन्द्र सरकार ने आतंकवाद के बढ़ते खतरों से निपटने के लिए नई राष्ट्रीय आतंक–विरोधी नीति और रणनीति 'प्रहार' की शुरुआत की। सक्रिय दृष्टिकोण को अपना कर होगा आतंकवाद का मुकाबला।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट की सराहना की। कहा–समिट में भारत की क्षमताओं की वैश्विक स्तर पर हुई व्यापक प्रशंसा।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिंगापुर दौरे के पहले दिन 6 हजार 650 करोड़ रुपये के निवेश के लिए तीन समझौता ज्ञापनों पर किये हस्ताक्षर। कहा– आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नॉलॉजी का हब बन रहा है उत्तर प्रदेश।
- मथुरा वृंदावन में रंगभरनी एकादशी को लेकर तैयारियां तेज। आज रात से शहर में नहीं होगा बाहरी वाहनों का प्रवेश।

**********

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने देश की नई राष्ट्रीय आतंकवाद–विरोधी नीति और रणनीति– प्रहार का अनावरण किया है। यह रणनीति आतंकवाद के बढ़ते खतरों से निपटने के लिए एक व्यापक व्यवस्था प्रस्तुत करती है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इसमें आतंकवाद को रोकने और उसका मुकाबला करने के लिए सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया गया है।

**भारत अपनी आतंकवाद विरोधी नीति और रणनीति प्रहार को आगे बढ़ाएगा। जिसका उद्देश्य सभी आतंकवादी कृतियों को अपराध घोषित करना तथा आतंकवादियों, उनके वित्त पोषकों और समर्थकों को धन, हथियार और सुरक्षित ठिकानों तक पहुंच से वंचित करना है। भारत आतंकवादी उद्देश्यों के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के दुरुपयोग की वैश्विक चुनौती से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ मिलकर प्रयास जारी रखेगा। दस्तावेज में भविष्य की उभरती आतंकवादी चुनौतियों से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी में निवेश बढ़ाने और निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। साथ ही आतंकवाद को किसी विशेष धर्म, जातीयता ,राष्ट्रीयता या सभ्यता से जोड़ने के किसी भी प्रयास को सख्ती से खारिज किया गया है। सरकार ने आतंकवाद और हिंसा के प्रति अपनी अडिग शून्य सहनशीलता की नीति को दोहराया है। साथ ही आतंकवाद की पीड़ितों के प्रति समर्थन की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए किसी भी परिस्थिति में आतंकवादी कृतियों के औचित्य को अस्वीकार किया गया है। अनुपम मिश्र के साथ आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में नई दिल्ली में संपन्न हुए इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट की सराहना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में संस्कृत का एक श्लोक साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस ऐतिहासिक समिट में भारत की क्षमताओं की वैश्विक स्तर पर व्यापक प्रशंसा हुई है। उन्होंने कहा कि इस समिट ने दिखा दिया है कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत के युवाओं की दूरदर्शी सोच मानवता को कितना लाभ पहुंचा सकती है।

**********

फतेहपुर के आकांक्षी ब्लॉक हथगाम में बच्चों के टीकाकरण की निगरानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए की जा रही है। जिलाधिकारी रविंद्र सिंह द्वारा विकसित किए गए इस एआई बेस्ड स्मार्ट वैक्सीनेशन ट्रैकिंग सिस्टम ऐप के सफल पायलट प्रोजेक्ट ने हथगाम में टीकाकरण की दर को पंचानवे प्रतिशत तक पहुंचा दिया है। जिलाधिकारी रविंद्र सिंह ने बताया कि हथगाम ब्लॉक में मिली सफलता को देखते हुए अब इस व्यवस्था को जल्द ही पूरे फतेहपुर जिले में विस्तार देने की तैयारी है।

**एआई बेस्ड स्मार्ट टीकाकरण सिस्टम डेवलप किया था और उसको करीब 3 महीने पहले लागू करना शुरू किया था। उसमें अभी तक पिछले 3 महीने में हथगाम ब्लॉक में 1,000 से ज्यादा बच्चे एनरोल हो चुके हैं और उसमें से 95 प्रतिशत से ज्यादा बच्चों का हम टाइमली वैक्सीनेशन सुनिश्चित कर पाए हैं और एएनएमएस ने भी इसमें काफी अपना पॉजिटिव फीडबैक दिया है क्योंकि इससे उनका काम आसान हो गया है क्योंकि इसका अच्छा फीडबैक मिला है तो इसको हम धीरे–धीरे बाकी ब्लॉक्स में भी एक्सपेंड करेंगे।**

**********

दो दिवसीय दौरे पर कल सिंगापुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले दिन छह हजार छह सौ पचास करोड़ रुपये के निवेश के लिए तीन महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। ये निवेश ग्रुप हाउसिंग, लॉजिस्टिक्स और हाइपरस्केल डेटा सेंटर जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में होंगे। इन तीनों परियोजनाओं से बीस हजार से अधिक रोजगार भी सृजित होंगे। एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री द्वारा किए गए एमओयू के तहत यमुना एक्सप्रेस–वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय थीम आधारित टाउन शिप का विकास, दूसरी परियोजना में कानपुर–लखनऊ हाईवे पर लॉजिस्टिक्स पार्क का विकास और तीसरी परियोजना के तहत नोएडा–ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में 40 मेगावाट आईटी पावर क्षमता वाला हाईपर स्केल डेटा सेंटर पार्क का निर्माण शामिल है। इसके अलावा सिंगापुर की एक वैश्विक निवेश कंपनी ने प्रदेश में 100 मेगावाट के डेटा सेंटर की स्थापना के लिए 8000 करोड़ रुपए का निवेश करने की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने सिंगापुर दौरे के दौरान सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वॉग से भी मुलाकात की। बैठक के दौरान रणनीतिक साझेदारी के तहत निवेश, इंफ्रास्ट्रक्चर, कौशल विकास और डिजिटल अर्थव्यवस्था जैसे विषयों पर चर्चा की गई। समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।**

मुख्यमंत्री ने सिंगापुर में प्रवासी भारतीयों से संवाद में कहा कि नया भारत दुनिया के अंदर अपनी ताकत दिखा रहा है और शीघ्र ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में खुद को स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि बीते 9 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भारत का प्रमुख प्रदेश बन गया है।

**उत्तर प्रदेश ने अब आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ ही आधुनिक टेक्नोलॉजी है। उसके एक नए हब के रूप में अपने आप को स्थापित करने में सफलता प्राप्त की है। आज भारत के अंदर 55 प्रतिशत एक्सप्रेस वे उत्तर प्रदेश के पास से है। भारत का रेल का सबसे बड़ा नेटवर्क उत्तर प्रदेश के पास से है भारत के अंदर सबसे ज्यादा सिटी में मेट्रो पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सेवा उत्तर प्रदेश के पास है और भारत के अंदर सबसे ज्यादा एयरपोर्ट भी आज उत्तर प्रदेश के पास है और अभी अगले ही महीने उत्तर प्रदेश का इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर, यह जो भारत का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनने जा रहा है, उसका उद्घाटन भी प्रधानमंत्री मोदी जी के कर कमलों से होने जा रहा है।**

मुख्यमंत्री आज भी सिंगापुर में रहेंगे। वह कल और छब्बीस फरवरी को जापान प्रवास के दौरान तैंतीस वैश्विक कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे।

**********

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व में प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने जर्मनी के फ्रैंकफर्ट में कई कंपनियों के शीर्षस्थ अधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें राज्य में निवेश का आमंत्रण दिया। उप मुख्यमंत्री ने वहां के शीर्षस्थ अधिकारियों को प्रदेश की मजबूत हो रही अर्थव्यवस्था के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पचीस करोड़ उपभोक्ताओं का बड़ा बाजार है। दोनों प्रतिनिधिमंडल ने सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफेक्चरिंग के क्षेत्र में भारत–जर्मनी साझेदारी को और सुदृढ़ करने पर जोर दिया। जर्मनी के प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश में दीर्घकालिक सहयोग और निवेश का भरोसा दिलाया।

**********

मथुरा वृंदावन में रंगभरनी एकादशी को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। नगर को चार जोन और आठ सेक्टर में बांटा गया है। वहां आज रात से शहर में बाहरी वाहनों का प्रवेश रोक दिया जाएगा। एक रिपोर्ट–

**वृंदावन में 27 फरवरी को रंगभरनी एकादशी के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। परिक्रमा मार्ग सहित नगर के प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे, वाच टावर, कंट्रोल रूमसे निगरानी की जाएगी। पांच कोसी परिक्रमा मार्ग पर भी सुरक्षा, चिकित्सा, साफ सफाई आदि के समूचे इंतजाम किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने बताया कि शहर के सभी होटलों को क्यूआर कोड वाले पैंपलेट दिए जाएंगे, जिन्हें स्कैन कर श्रद्धालुओं को मंदिरों के खुलने, बंद होने के समय, पार्किंग, उनके समीप के अस्पताल, निकटतम पुलिस सेवा की जानकारी हो सकेगी। उमर कुरैशी, आकाशवाणी समाचार मथुरा।**

**********

मेरठ जिले के लिसाड़ी गेट थानाक्षेत्र के इस्लामाबाद इलाके के एक दो मंजिला मकान में कल आग लगने के कारण आधा दर्जन से अधिक लोग झुलस गये। हादसे के बाद इलाज के दौरान गंभीर तौर पर झुलसी एक महिला और पांच बच्चों की मृत्यु हो गई। हमारे मेरठ प्रतिनिधि ने बताया कि इस दुखद घटना के समय घर में महिलाएं और बच्चे मौजूद थे। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

**********

लुधियाना से दरभंगा जा रही डबल डेकर बस लखनऊ में पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर कल दोपहर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि सोलह लोग घायल हैं। गोसाईगंज इलाके में हुए इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए ग्यारह लोगों को ट्रामा सेंटर में भर्ती करा दिया गया।

**********